सोनभद्र पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 20.11.2026

- **लगभग 05 वर्ष से लापता महिला की बचपन की फोटो से AI तकनीक (ChatGPT एवं Google Gemini) की सहायता से वर्तमान उम्र के अनुरूप तस्वीर तैयार कर राजस्थान से सकुशल बरामदगी में थाना बभनी पर नियुक्त आरक्षी विजय पाण्डेय की रही महत्वपूर्ण भूमिका।**
- **उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा आरक्षी विजय पाण्डेय को ₹5,000/- नकद पुरस्कार तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ₹2,100/- नकद पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित।**
- **पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में जनपद के पुलिसकर्मियों को ChatGPT एवं Google Gemini सहित आधुनिक AI तकनीक के उपयोग हेतु कार्यशाला आयोजित कर दिया गया है प्रशिक्षण।**

सोनभद्र पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक एवं AI के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन **श्री ऋषभ रुणवाल** के नेतृत्व में जनपद के समस्त पुलिसकर्मियों को ChatGPT एवं Google Gemini सहित आधुनिक AI प्लेटफॉर्म के उपयोग के संबंध में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना तथा विभिन्न मामलों की जांच एवं विवेचना के दौरान आधुनिक AI तकनीक का सहायक उपकरण के रूप में उपयोग कर आवश्यक जानकारी एवं संभावित साक्ष्यों के विश्लेषण में सहयोग प्राप्त करना है। साथ ही AI से प्राप्त जानकारी का उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सत्यापन करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में भी जागरूक किया गया है।

थाना बभनी पर दिनांक 14.07.2026 को वादिनी किस्मत देवी पत्नी रामपाल खरवार निवासी जौराही, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी पुत्री **मंजू देवी खरवार, उम्र करीब 30 वर्ष** के गुम हो जाने के संबंध में **मु0अ0सं0-150/2026 धारा 87, 137(2) बीएनएस** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। वादिनी के अनुसार प्रतिवादी मंजू देवी गोंड़ पत्नी राजेन्दर गोंड़ निवासी जौराही, थाना बभनी द्वारा शादी कराने की बात कहकर उनकी पुत्री को वाराणसी ले जाया गया था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। उक्त महिला **लगभग 05 वर्ष पूर्व लापता हुई थी**, जिसकी तलाश एवं सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में गुमशुदा महिला की सकुशल बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला की तलाश एवं पहचान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

इस दौरान परिजनों एवं ससुराल पक्ष से फोटो प्राप्त करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई फोटो उपलब्ध नहीं हो सकी। विवेचना के दौरान संबंधित विद्यालय में जानकारी करने पर छात्रवृत्ति फार्म में वर्ष 2007 में कक्षा 04 में अध्ययन के समय की गुमशुदा महिला की बचपन की फोटो प्राप्त हुई। उक्त फोटो के आधार पर वर्तमान उम्र करीब 30 वर्ष में महिला की पहचान करना चुनौतीपूर्ण था।

इसी क्रम में थाना बभनी पर नियुक्त आरक्षी विजय पाण्डेय द्वारा गुमशुदा महिला की बचपन की फोटो एवं उसके माता-पिता तथा बहन की फोटो का उपयोग करते हुए ChatGPT एवं Google Gemini AI प्लेटफॉर्म की सहायता से महिला की वर्तमान उम्र के अनुरूप संभावित तस्वीर तैयार की गई। AI से तैयार तस्वीर को परिजनों को दिखाया गया, जिसे उनके द्वारा अपनी पुत्री मंजू देवी के रूप में पहचान कर प्रमाणित किया गया।

इसके उपरांत AI से तैयार तस्वीर एवं विवेचना के दौरान प्राप्त अन्य जानकारियों के आधार पर आरक्षी विजय पाण्डेय द्वारा दिनांक 16.10.2026 को राजस्थान के जनपद चूरू के थाना हमीरवास क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोविन्द सिंह का बास पहुंचकर गुमशुदा महिला मंजू देवी को सकुशल बरामद किया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि महिला वहां अपने पति उमेन्द्र के साथ विवाहित जीवन व्यतीत कर रही है तथा उसके दो बच्चे भी हैं।

इस प्रकार आरक्षी विजय पाण्डेय द्वारा आधुनिक AI तकनीक का अभिनव एवं प्रभावी उपयोग करते हुए लगभग 05 वर्ष से लापता महिला की पहचान एवं राजस्थान से सकुशल बरामदगी में सराहनीय योगदान दिया गया। उनके इस उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 20.11.2026 को श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा भी आरक्षी विजय पाण्डेय को ₹5,000/- नकद पुरस्कार प्रदान किया गया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा आरक्षी विजय पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र एवं ₹2,100/- नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस + रियल इंटेलिजेंस

सोनभद्र पुलिस



कक्षा 7 की फोटो



AI से तैयार फोटो



वास्तविक फोटो

